दिनांक 31 जनवरी 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राजस्व प्रभारी सीजू एंथोनी ने ली विभाग की बैठक, शासन की महत्वकांक्षी योजना पर अमल करने पर जोर

भिलाई नगर/ आज राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी ने विभाग की बैठक ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शासन की महत्वकांक्षी योजना जो राजस्व विभाग से जुड़ी हुई है इस पर प्रमुखता से कार्य करें। छत्तीसगढ़ शासन के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप विभाग में संचालित योजनाओं में तीव्रता लाए , ताकि आमजन को अनावश्यक ऐसे कार्यों के लिए भटकना न पड़े। लीज होल्ड, फ्री होल्ड पर भी उन्होंने तेजी लाने कहा है। इसके अलावा राजस्व वसूली की समीक्षा उन्होंने की। राजस्व वसूली पर उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2022 तक शत-प्रतिशत वसूली लक्ष्य के अनुरूप होनी चाहिए, इसके लिए अभी से कार्य करना प्रारंभ कर दें। निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण को रोकने ठोस कदम उठाने राजस्व प्रभारी ने कहा है और ऐसे लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने भी बैठक में सहमति बनी। वर्ष 2021-22 की वसूली की उन्होंने समीक्षा की। बता दे कि मार्च माह के अंतिम तारीख तक टैक्स जमा नहीं करने वालों से अधिभार लिया जाएगा , वहीं शास्ती की राशि भी करदाता को चुकानी होगी। निगम प्रशासन करदाताओं से अपील करती है कि समय पर अपना टैक्स जमा कर दें और अतिरिक्त अधिभार देने से बचें। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने राजस्व वसूली को लेकर विशेष फोकस करने अधिकारियों को निर्देश दिए है। आज की बैठक में राजस्व अधिकारी एन. आर. रत्नेश, बी. एल. असाटी, दिनेश बेलचंदन, उपाध्याय एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

इन्होंने लंबे समय से नहीं दिया टैक्स हो सकती है बड़ी कार्रवाई

वर्षों से टैक्स नहीं देने वाले करदाताओं के नाम भिलाई निगम ने सार्वजनिक करने अवगत कराया था , फिर भी टैक्स नहीं देने वालों के नाम भिलाई निगम आज सार्वजनिक कर रहा है। ऐसे करदाताओं पर नियमानुसार कार्यवाही भी प्रारंभ करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इन करदाताओं पर निगम अधिनियम की धारा 173, 174 तथा 175 के तहत कार्यवाही हो सकती है। रमेश कुमार साहू का 1999 से 2020 तक, विजय प्रकाश 2009 से 2020 तक, मेसर्स महावीर डेवलपर्स 2019 से 2020 तक, बृजमोहन सिंह 2016 से 2020 तक, लोकेश चैहान 1999 से 2020 तक, राम राखी देवी 1999 से 2020 तक, सुचिता तिवारी 1999 से 2020 तक, रविन्द्र सिंह कुशवाहा 1999 से 2020 तक, भागवत गोविंदा बरहारे 2011 से 2020 तक, विदेशीराम निर्मलकर 2016 से 2020 तक, अनिल अग्रवाल 1999 से 2020 तक, विजय कोरो 1999 से 2020 तक, सनमुख दारा 2013 से 2020 तक, गणेश लाल दास गुप्ता 2007 से 2020 तक, बीके स्टील आर के गोयल 2018 से 2020 तक, मूलचंद पटेल 2014 से 2020 तक, राजकिशोर गुप्ता 1999 से 2020 तक, दर्शनलाल खेमाणी 1999 से 2020 तक, डी.एस. रावत 2017 से 2020 तक, शशि राठी 2014 स 2020 तक, मानसिंह 2009 से 2020 तक, मंजू सिंह 1999 से 2020 तक, एस.लाला लजपत 2015 से 2020 तक, वीरेन्द्र बहादुर सिंह 1999 से 2020 तक, रामहित 2003 से 2020 तक, अरूणा मिश्रा 1999 से

2020 तक, अब्दुल सत्तार 2012 से 2020 तक, बिंदा सिंह 1999 से 2020 तक, सेवा भारती बनवासी 1999 से 2020 तक, मालाई भवते 2011 से 2020 तक, प्रकाश कौर 2010 से 2020 तक, डी.एम. गिल जोगेन्दर निर्मल 1999 से 2020 तक, कुलवंत राय गुप्ता 2018 से 2020 तक, आर. मिश्रा 1999 से 2020 तक, राजेश एवं ब्रिजेश कोचर 1999 से 2020 तक, नन्दू यादव से 1999 से 2020 तक, मुकेश कुमार 1999 से 2020 तक, गोविन्द्र कुमार खण्डेलवाल 1999 से 2020 तक, सरला देवी अग्रवाल 1999 से 2020 तक, डी.एस. शुक्ला 2011 से 2020 तक, मनकुंवर देवी 2011 से 2020 तक, उपकार सिंह 1999 से 2020 तक, बसंत के्रन सर्विस 1999 से 2020 तक, दयानंद शोभा 1999 से 2020 तक, गुरमीत सिंह 1999 से 2020 तक, सुरेन्द्र गुप्ता 2005 से 2020 तक, कमला इंडस्ट्रीस 1999 से 2020 तक, सुभाष शुक्ला 1999 से 2020 तक, रामेश्वर प्रसाद शर्मा 1999 से 2020 तक, बी.वी. शुक्ला 1999 से 2020 तक, दुर्गेश कुमार 1999 से 2020 तक, कृष्ण कुमार सिंह 1999 से 2020 तक, वी.एन. मिश्रा एवं बय मिश्रा 1999 से 2020 तक, राकेश मिश्रा 1999 से 2020 तक, सुरेश सोरी 1999 से 2020 तक, विवेक मिश्रा 1999 से 2020 तक, राॅयल इंडस्ट्रीज 2011 से 2020 तक, आर.के. गुप्ता 2011 से 2020 तक, विमल वर्मा 2011 से 2020 तक, नितिन अग्रवाल 2011 से 2020 तक, नीरज अग्रवाल 2010 से 2020 तक, दीदार सिंह 2011 से 2020 तक, इंद्रा बी. शाह 2011 से 2020 तक, सरस्वती शिशु मंदिर छावनी 2016 से 2020 तक, बी.सुरेश शेट 2013 से 2020 तक, रमेश अग्रवाल 2011 से 2020 तक, रामकुमार अग्रवाल 1999 से 2020 तक का टैक्स इन्होंने अब तक जमा नहीं किया है।